सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन नैनीताल 08 जून, 2024

राजभवन नैनीताल गोल्फ क्लब द्वारा आयोजित 19वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन आज 68 गोल्फर खेले जिनमें 10 महिला खिलाड़ी, 05 जूनियर गोल्फर एवं 53 अन्य गोल्फरों ने अपने हाथ आजमाए।

राजभवन गोल्फ कोर्स में देश के विभिन्न हिस्सों से आए गोल्फर टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने के साथ ही यहां के प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठा रहे हैं। गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट–2024 में प्रतिभाग कर रहे गोल्फरों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह के गोल्फ कोर्स में खेलना अलग अनुभव रहा और यहां आकर वे गोल्फ के साथ–साथ यहां की प्राकृतिक खूबसूरती का भी आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां की व्यवस्थाओं और आवाभगत से वे सभी प्रभावित हुए हैं। प्रतिभाग कर रहे गोल्फरों ने कहा कि वे पिछले कई वर्षों से राजभवन गोल्फ कोर्स में खेल रहे हैं और यहां खेलकर उन्हें एक अलग ही अनुभूति होती है।

............0............